राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल

# सम्पर्क सरिता

वर्ष—20, अंक—01 जनवरी—मार्च 2019

## कौशल विकास कार्यक्रमों में गुणवत्ता जरूरी : श्री अनंत कुमार हेगड़े

एन.आई.टी.टी.टी.आर.भोपाल और श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के बीच कौशल शिक्षण एवं प्रशिक्षण में गुणवत्ता के लिए सहमति ज्ञापन



**निटर भोपाल एवं विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के बीच सहमति ज्ञापन**

हस्ताक्षरित हुआ। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के श्री अनंत कुमार हेगड़े, माननीय मंत्री, कौशल विकास एवं उद्यमिता, भारत सरकार की उपस्थिति में, प्रो. सी. थंगराज, निदेशक, एन.आई.टी.टी.टी. आर. भोपाल एवं श्री राज नेहरू, कुलपति, श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने इस सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। इस सहमति के अंतर्गत 09 शैक्षणिक परियोजनाओं को एन.आई.टी.टी.टी.आर. भोपाल और श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय संयुक्त रूप से पूर्ण करेंगे। इन शैक्षणिक परियोजनाओं में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में चलाये जा रहे 15 पाठ्यक्रमों को राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क के अनुसार बनाना, शिक्षकों को प्रशिक्षण देना, नये शिक्षकों का प्रशिक्षण, विद्यार्थियों के अध्ययन के लिये सीखने की सामग्री, विद्यार्थियों की मार्गदर्शिका, प्रायोगिक पुस्तिका, प्रशिक्षण मार्गदर्शिका, ओपन ऑन लाईन कोर्स के वीडियो तैयार करना, हुनर का प्रशिक्षण करना, देश में सभी हित धारकों की बैठक करना, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों को आयोजित करना, व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण के लिये स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संयुक्त रूप से चला कर कुशल शिक्षक एवं प्रशिक्षक तैयार करना आदि शामिल हैं।

इस अवसर पर श्री अनंत कुमार हेगड़े जी ने कहा कि हमें देश के लिये किये जा रहे कौशल विकास से जुड़े कार्यक्रमों में गुणवत्ता लाना है जिससे कौशल में शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवकों को अच्छा रोजगार मिल सके। प्रो. राज नेहरू ने अपने उद्‌बोधन में श्री विश्वकर्मा विश्वविद्यालय के उद्‌देश्यों एवं वर्तमान में चलाये जा रहे कार्यक्रमों के बारे में संक्षिप्त परिचय दिया। प्रो. आर.एस. राठौर, अधिष्ठाता, अकादमिक ने अपने उद्‌बोधन में इस तरह के अकादमिक कार्यों में दोनो संस्थाओं को मिलकर, कार्य करने के लाभ के संबंध में बताया एवं कहा कि यह समझौता प्रो. आर.जी. चौकसे, व्यावसायिक शिक्षा एवं उद्यमिता विकास, विभाग एन.आई.टी.टी.टी.आर. भोपाल के सघन प्रयास का परिणाम है।

प्रो. आर.जी. चौकसे ने अपने संबोधन में बताया कि इस संयुक्त परियोजना में एन.आई.टी.टी.टी.आर. भोपाल द्वारा यह प्रयास किया जायेगा, कि हम न केवल सलाहकार की रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करेंगे बल्कि कौशल विश्वविद्यालय के साथ मिलकर ''परस्पर सहयोग'' के साथ मिलकर कार्य करेंगे।

इस अवसर पर संस्थान के प्रो. ए.के. जैन, अधिष्ठाता, प्रशासन एवं प्रो. आर.बी. शिवगुंडे, श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के प्रो. आर. एस. राठौर, अधिष्ठाता, अकादमिक, डॉ. रितु बजाज, श्रीमती चंचल



**माननीय मंत्री श्री अनंत कुमार हेगड़े से चर्चा करते प्रो. सी. थंगराज**

भारद्वाज, प्रो. एस.के. मिश्रा, पूर्व सलाहकार, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय नई दिल्ली के व्यावसायिक प्रशिक्षण से जुड़े निदेशक प्रो. आर.एस.पी. सिंह एवं प्रो. आशीष अग्रवाल उपस्थित थे।

## इण्डो जर्मन कार्यशाला में निटर की सहभागिता

जर्मनी की लेवनीज़ विश्वविद्यालय हनोवर में दिनांक 13 से 15 फरवरी 2019 तक ''उच्च शिक्षा का व्यवसायीकरण'' विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का उद्देश्य निटर भोपाल एवं लेवनीज़ विश्वविद्यालय जर्मनी के बीच उच्च शिक्षा के व्यवसायीकरण के क्षेत्र में मिलकर कार्य करना था। यह कार्यशाला मुख्य रूप से उच्च शिक्षा के व्यवसायीकरण, परिणाम आधरित पाठ्यक्रम का मूल्यांकान, हरित तकनीकी व्यवसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण का विकास, अकादमिक नेतृत्व क्षमता आदि बिन्दुओ पर दोनो संस्थानों के बीच अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का एक महत्वपूर्ण अवसर था। इस कार्यशाला में दोनो संस्थानों ने एक कार्ययोजना बनाकर उस पर कार्य प्रारम्भ कर दिया है। दोनों संस्थान भविष्य में संयुक्त रूप से लघु अवधि प्रशिक्षण एवं अन्य कार्यक्रम, शोध पत्र प्रकाशन, भविष्य में संयुक्त कार्यशालाओं का आयोजन सहित कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कार्य करेंगे। इस कार्यशाला में संस्थान के निदेशक प्रो. सी. थंगराज, प्रो. आशीष देशपाण्डे, प्रो. अंजू रौले, प्रो. जे.पी. टेगर एवं डॉ. निशीथ दुबे ने सहभागिता की। इस अवसर पर लेवनीज़ विश्वविद्यालय की निदेशक डॉ. जूलिया गिलेन एवं अन्य संकायगण उपस्थित थे।



## ''अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस'' पर कार्यक्रम का आयोजन

दिनांक 08 मार्च 2019 को ''अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस'' के उपलक्ष्य में संस्थान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें संस्थान के सभी संकायगण/अधिकारी/कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में श्रीमती रचना शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में एवं संस्थान के निदेशक डॉ. सी. थंगराज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी एवं तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। सभी प्रतियोगिताएं प्रो. अंजना तिवारी के संयोजन से आयोजित की गईं एवं कार्यक्रम का संचालन श्रीमती समीना फरूख ने किया। इस कार्यक्रम की समन्वयक प्रो. किरण सक्सेना, अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ थीं।



**श्रीमति रचना शर्मा को स्मृति चिन्ह प्रदान करते प्रो. थंगराज**

## अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों का संस्थान में भ्रमण



**विद्यार्थियों को संबोधित करते प्रो. सी. थंगराज**

एनआईटीटीटीआर, भोपाल में दिनांक 26 मार्च 2019 को राष्ट्रीय शैक्षणिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय (NIEPA) के द्वारा संचालित अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक योजना एवं प्रशासन विषय में डिप्लोमा कर रहे 23 देशों के 31 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के दल ने शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का आयोजन राज्य शिक्षा केन्द्र म.प्र. के माध्यम से किया गया था। इस दल ने संस्थान के निदेशक प्रो. सी. थंगराज से विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने ज्ञान और कौशल के संदर्भ में स्थायी विकास के लिए नवाचार और रचनात्मकता पर ध्यान केंद्रित करना होगा। उन्होंने विशेष रूप से विकासशील देशों में उन चिंताओं के बारे में ध्यान आकर्षित किया जो रोजगार को बढ़ावा देने के साथ–साथ धन के समान वितरण के लिए मानव संसाधन के विकास के संबंधित हैं। डॉ. बी.एल. गुप्ता, अधिष्ठाता, अकादमिक एवं अनुसंधान ने संस्थान के कार्यक्रमों और गतिविधियों के बारे में प्रतिभागियों को परिचय दिया। डॉ. पराग दुबे, अधिष्ठाता, कॉर्पोरेट और इंटरनेशनल अफेयर्स ने वीडियो फिल्म के माध्यम से संस्थान के बारे में बताया। प्रो. सूसन एस. मैथ्यू, सह–अधिष्ठाता, अकादमिक एवं अनुसंधान ने संस्थान द्वारा संचालित आईटेक कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। प्रतिभागियों ने प्रश्नों की संख्या और आईटेक, पोर्टल पंजीकरण के साथ आने वाली समस्याओं को उठाया। प्रतिभागियों ने एनआईटीटीटीआर, भोपाल के माध्यम से दीर्घकालिक कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया, साथ ही कहा कि दो से तीन सप्ताह की अवधि के आईटेक कार्यक्रम होने चाहिए। विद्यार्थियों ने इलेक्ट्रानिक मीडिया विभाग का भ्रमण किया जहां डॉ. एस.एस. केदार ने वीडियो कार्यक्रमों के विकास की जटिलताओं के बारे में समझाया।



## संस्थान के संकाय सदस्य शोध परियोजना पर कार्य करेंगे



निटर के शासनादेश एवं नाम अनुसार तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में शोध करना आवश्यक है। संस्था ने 38 शोध प्रस्ताव बनाकर मानव संसाधन विकास मंत्रालय, एआईसीटीई, नई दिल्ली से राशि आवंटन हेतु निवेदन किया था परंतु राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षा परिषद नीति में इस प्रकार के शोध को राशि प्रदान करने का प्रावधान नहीं है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने इस संदर्भ में सूचित किया कि संस्थान के नियमित बजट से शोध हेतु प्रावधान किया जा सकता है। संस्थान ने संचालक मंडल से निवेदन किया कि शोध हेतु रू. 1.5 करोड़ की राशि उपलब्ध कराई जाये। संचालक मंडल ने इस प्रस्ताव को मान्य कर शोध कार्य को प्रोत्साहित किया। संस्थान ने डॉ. एन. सत्यमूर्थि, सेवानिवृत्त निदेशक, आईआईएसईआर, मोहाली की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया, जिसमें डॉ. के.वी. जयकुमार, प्राध्यापक एवं अधिष्ठाता, एनआईटी वारंगल, डॉ. वॉय.के. आनंद, सेवानिवृत्त प्राध्यापक, एनआईटीटीटीआर, चंडीगढ़, डॉ. बी.एल. गुप्ता एवं डॉ. सी.थंगराज को सदस्य के रूप में नामित किया। डॉ. वॉय.के. आनंद की अनुपलब्धता के कारण उनके स्थान पर डॉ. अनिल कुमार को आमंत्रित किया गया। दिनांक 29 एवं 30 मार्च 2019 को समिति के समक्ष 38 शोध प्रस्तावों का प्रस्तुतिकरण किया गया। समिति ने पूर्व निर्धारित मापदंडों के आधार पर सभी शोध प्रस्तावों एवं प्रस्तुतिकरण का मूल्यांकन किया एवं 12 शोध प्रस्तावों को मूलरूप में स्वीकृत किया एवं 05 शोध प्रस्तावों को पुनर्निरीक्षण करने के बाद अनुमोदित करने का सुझाव दिया गया। ये सभी शोध प्रस्ताव एक्रीडिटेशन, आईसीटी, कम्यूनिटी एवं स्किल डेवलपमेंट, कम्यूनिकेशन स्किल्स, एम्पलॉयबिलिटी, आउटकम बेस्ड–ब्लेन्डेड मोड़ शिक्षा एवं प्रशिक्षण में विभिन्न देशों के बीच तुलनात्मक अध्ययन, ई कन्टेन्ट, मूल्यांकन स्कीम, संस्थागत स्वायत्तता एवं शिक्षण अधिगम रणनीति आदि क्षेत्रों से संबंधित हैं। सभी शोध परियोजनाओं को 31 मार्च 2021 तक पूर्ण किया जायेगा। सभी शोध परियोजनाओं से एक अंतर्राष्ट्रीय एवं एक राष्ट्रीय स्तर का शोध–पत्र प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही सभी शोध परियोजनाओं के माध्यम से मॉडल, टूल्स, टेक्निक एवं रणनीति तैयार की जायेगी, जो तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता को राष्ट्रीय स्तर के मार्गदर्शक के रूप में उपयोगी होगी। इन शोध परियोजनाओं का उपयोग तकनीकी शिक्षा के स्टेक होल्डर नीतिगत निर्णय लेने एवं उनको क्रियान्वित करने में कर सकेंगे। संस्था ने यह भी निर्णय लिया कि सभी संकाय सदस्य इसी वर्ष कम से कम एक शोध परियोजना पर मुख्य शोधकर्ता के रूप में कार्य करेंगे।

## राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क परियोजना पर प्रस्तुति

राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल से प्रो. आर.जी. चौकसे, प्रो. आर.बी. शिवगुंडे एवं प्रो. संजय अग्रवाल ने श्री विश्वकर्मा स्किल विश्वविद्यालय, गुरूग्राम में जाकर अकादमिक परियोजनाओं के बारे में अपनी प्रस्तुति दी। प्रो. आर.जी. चौकसे ने राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क पाठ्यक्रम परियोजना के बारे में अपनी प्रस्तुति दी, जिस पर श्री विश्वकर्मा स्किल विश्वविद्यालय, गुरूग्राम की परियोजना स्वीकृत करने वाली समिति ने भविष्य में दिये जाने वाले पाठ्यक्रम के बारे में चर्चा की। निटर भोपाल के इस प्रस्तुतिकरण की सभी ने सराहना की।



प्रस्तुतिकरण देते प्रो. चौकसे

## एन.आई.टी. रायपुर में संस्था द्वारा इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित

एन.आई.टी., रायपुर में नवनियुक्त सहायक प्राध्यापक एवं सह–प्राध्यापकों हेतु दिनांक 7–11 जनवरी 2019 को इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एनआईटी, रायपुर के निदेशक डॉ. ए.एम. रवानी ने किया। डॉ. रवानी ने उद्घाटन भाषण में शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षण व्यावसाय के लिए यह प्रशिक्षण महत्वपूर्ण है एवं कैरियर की शुरूआत में ही इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। डॉ. रवानी ने इंडस्ट्री 4 के नार्म्स को देखते हुए तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता की




बात की। उद्घाटन समारोह में अधिष्ठाता स्टॉफ वेलफेयर डॉ. ए.बी. सोनी, डॉ. पुनिया, डॉ. अमित केशव, अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में आउटकम बेस्ड एजूकेशन के परिप्रेक्ष्य में टीचिंग लर्निंग मेथड्स, इंप्रूव्ड लेक्चर, डिमॉस्ट्रेशन, ट्यूटोरियल, प्राब्लम बेस्ड लर्निंग, सेमिनार, इंडस्ट्रियल प्रशिक्षण, आउटकम बेस्ड असेसमेंट टूल्स एवं टेक्नोलॉजी इत्यादि विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान दिया गया। इस प्रशिक्षण में प्री–टेस्ट, आठ असाईनमेंट एवं पोस्ट टेस्ट का उपयोग किया गया। इस कार्यक्रम के प्रस्तुतिकरण में समूह चर्चा, ब्रेन स्ट्रामिंग, विडियो लेक्चर, प्रश्न–उत्तर, रोल प्ले एवं बज ग्रुप विधि कार्य का उपयोग किया गया। इस प्रशिक्षण की सभी प्रतिभागियों ने सराहना की एवं इसकी अवधि बढ़ाने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में एनआईटी, रायपुर के 20 शिक्षकों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण का समन्वयन डॉ. बी.एल.गुप्ता ने किया एवं प्रो. एम.ए. रिजवी ने संकाय सदस्य के रूप में योगदान दिया।

## शिक्षण अधिगम केन्द्र के केलेण्डर का विमोचन

मानव संसाधन विकास मंत्रालय एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल को पं. मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण मिशन के अंतर्गत शिक्षण अधिगम केन्द्र के रूप में एक वृहद परियोजना स्वीकृत की है। निटर भोपाल का यह अधिगम केन्द्र विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ–साथ यह केन्द्र अधिगम संसाधन विकास का कार्य भी करेगा। यह केन्द्र एक–एक माह के तीन इंडक्शन कार्यक्रम भी आयोजित करेगा। इस केन्द्र की विभिन्न गतिविधियों के केलेण्डर का विमोचन माननीय निदेशक प्रो. सी. थंगराज द्वारा किया गया। इस परियोजना के प्रमुख समन्वयक प्रो. आर. बी. शिवगुण्डे एवं समन्वयक प्रो. दीपक सिंह हैं।



## सिम्यूलेशन टूल्स फॉर साइंस एक्सपेरिमेंट पर प्रशिक्षण

संस्थान के अनुप्रयुक्त विज्ञान विभाग द्वारा भोपाल में दिनांक 04 से 08 मार्च 2019 तक ''सिम्यूलेशन टूल्स फॉर साइंस एक्सपेरिमेंट'' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पॉलिटेक्निक एवं इंजीनियरिंग महाविद्यालय के 14 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में विज्ञान प्रयोगों में उपयोग होने वाले ओपन सोर्स टूल्स एवं वर्चुअल लेब पर प्रशिक्षण दिया गया एवं प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रयोगों का स्वरूप तैयार किया गया जो पॉलिटेक्निक एवं इंजीनियरिंग महाविद्यालयों के पाठ्यक्रमों हेतु अति उपयोगी है। इस कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. हुसैन जीवा खान थे एवं संकाय सदस्य के रूप में डॉ. बशीरूल्ला शेक ने अपना योगदान दिया।



## कम लागत के उपकरणों के निर्माण पर प्रशिक्षण



संस्थान के अनुप्रयुक्त विज्ञान विभाग द्वारा दिनांक 25 से 29 मार्च 2019 तक ''अनुप्रयुक्त विज्ञान में कम लागत के उपकरण'' विषय पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को प्रयोगशाला कार्य के उद्देश्य, उपयोगिता, उसका प्रबंधन एवं विभिन्न प्रयोगों के कम लागत के वैकल्पिक निर्माण, वर्चुअल प्रयोगशाला, स्मार्ट फोन का प्रयोगों के लिए उपयोग, विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. हुसैन जीवाखान थे। संकाय सदस्य के रूप में प्रो. पी.के. पुरोहित एवं डॉ. बशीरूल्ला शेक ने सहयोग प्रदान किया।

## ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उन्नति पर प्रशिक्षण

संस्थान के मेकेनिकल अभियांत्रिकी विभाग द्वारा दिनांक 25 से 29 मार्च 2019 तक ''ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उन्नति'' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को सी.आई. ऑटोमोबाइल, होशंगाबाद रोड, भोपाल का भ्रमण कराया गया। वहाँ पर गाड़ियों के पार्ट्स और सेंसर के बारे में बताया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पॉलिटेक्निक/इंजीनियरिंग महाविद्यालयों के 11 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. के.के. जैन थे।



## इंडिया फर्स्ट लीडरशीप टॉक सीरिज पर कार्यशाला

दिनांक 24 जनवरी 2018 को मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार स्टार्ट इंडिया हेकथॉन गतिविधि एवं इंडिया फर्स्ट लीडरशीप टॉक सीरिज पर राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली द्वारा कार्यशाला का आयोजन राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल में किया गया। कार्यशाला में डॉ. मोहित गंभीर, इनोवेशन निदेशक, इनोवेशन सेल मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, डॉ. भूपेन्द्र श्रीवास्तव, सलाहकार, सीआरओ, राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली, डॉ. सुनील गुप्ता, कुलपति, आरजीपीवी ने कार्यशाला को संबोधित किया। इस कार्यशाला में संस्थान से प्रो. बी.एल.गुप्ता, अधिष्ठाता अकादमिक एवं अनुसंधान ने भाग लिया।

## पर्यावरण प्रदूषण एवं रोकथाम पर प्रशिक्षण

संस्थान के अनुप्रयुक्त विज्ञान विभाग द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन समिति के तत्वावधान में दिनांक 28–29 जनवरी 2019 तक ''पर्यावरण प्रदूषण एवं रोकथाम'' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को पर्यावरण प्रदूषण एवं रोकथाम से सतत विकास, ओजोन रिक्तीकरण, ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण प्रदूषण, इंजीनियरिंग एवं विज्ञान में उपयोगी हरित प्रौद्योगिकी, ऊर्जा के वैकल्पिक साधन, हरित क्रय–विक्रय, इलेक्ट्रानिक कचरा, अपशिष्ट प्रबंधन, कार्बन क्रेडिट, हरित ईंधन आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यशाला में संस्थान एवं भोपाल के केन्द्रीय कार्यालयो कें 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. पी.के. पुरोहित थे। संकाय सदस्य के रूप में डॉ. बशीरूल्ला शेक, प्रो. अतुल मिश्रा एवं प्रो. एम.सी. पालीवाल ने अपना योगदान दिया।



## बिहार के तकनीकी शिक्षकों का प्रशिक्षण



राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल परम्परागत रूप से पश्चिमी क्षेत्र के प्रदेश मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गोवा एवं गुजरात में पिछले 54 वर्षों से तकनीकी शिक्षकों का प्रशिक्षण कर, तकनीकी शिक्षा में उन्नयन का कार्य कर रहा है। इस वर्ष बिहार सरकार ने अपने तकनीकी शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिये एनआईटीटीटीआर, भोपाल से अनुरोध किया। शिक्षकों का प्रशिक्षण माह जनवरी से मार्च, 2019 के बीच किया गया। इसमें लगभग 312 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। इन कार्यक्रमों में संस्थान के समस्त संकाय सदस्यों ने अपना योगदान दिया।

## वाहन नियंत्रण प्रणाली पर प्रशिक्षण

संस्थान के मेकेनिकल अभियांत्रिकी विभाग द्वारा दिनांक 07 से 11 जनवरी 2019 तक ''वाहन नियंत्रण प्रणाली'' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को मोटर वाहन की नियंत्रण प्रणाली के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को आर.एम.जे. मोटर्स और महिंद्रा फर्स्ट चॉइस, भोपाल, में ऑटोमोबाइल प्रौद्योगिकी में इस कला की स्थिति को समझने और विभिन्न मोटर वाहन नियंत्रणों जैसे स्टेरिंग सिस्टम, सस्पेंशन ब्रेक और ऑटो इंजन रख–रखाव के निवारण पर अनुभव प्रदान करने के लिये भ्रमण कराया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पॉलिटेक्निक/इंजीनियरिंग महाविद्यालयों के 18 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. के.के. जैन थे।



## परिणाम आधारित पाठ्यक्रम पर राष्ट्रीय कार्यशाला



संस्थान के मेकेनिकल अभियांत्रिकी विभाग द्वारा दिनांक 28 जनवरी से 08 फरवरी 2019 तक ''परिणाम आधारित पाठ्यक्रम हेतु उपकरण एवं प्रयोगशाला साधनों की पहचान'' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पॉलिटेक्निक/इंजीनियरिंग महाविद्यालयों के 14 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. ए.के.सराठे थे। संकाय सदस्यों के रूप में डॉ. वंदना सोमकुवर, डॉ के.के. जैन एवं डॉ. शरद प्रधान ने अपना योगदान दिया।



## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 83वीं बैठक संपन्न



राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 83वीं तिमाही बैठक दिनांक 26 मार्च 2019 को संपन्न हुई। बैठक के प्रारम्भ में समिति की सचिव श्रीमती शोभा लेखवानी ने समिति के अध्यक्ष प्रो. सी.थंगराज एवं उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया। इसके बाद अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सचिव द्वारा बैठक की कार्यवाही मदवार की गई। बैठक में राजभाषा समिति के लगभग 18 सदस्य शामिल हुए।

## राजभाषा हिन्दी का सरलीकरण पर कार्यक्रम

इंडियन बैंक, भोपाल द्वारा 22 फरवरी 2019 को ''राजभाषा हिन्दी का सरलीकरण'' विषय पर आयोजित अखिल भारतीय हिन्दी सेमीनार में संस्थान को आमंत्रित किया गया, जिसमें संस्थान से डॉ. पी.के. पुरोहित एवं श्रीमती शोभा लेखवानी ने प्रतिभागिता की।




## पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन



प्रदर्शनी का निरीक्षण करते प्रो. थंगराज

संस्थान के ग्रंथालय द्वारा 30 जनवरी 2019 को एक दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में संस्थान के पंजीकृत वितरकों को पुस्तक प्रदर्शनी लगाने हेतु आमंत्रित किया गया। पुस्तक प्रदर्शनी में संस्थान के निदेशक महोदय एवं संस्थान सदस्यों द्वारा विभागीय आवश्यकतानुसार पुस्तकों को क्रय करने हेतु अनुशंसाएँ की गईं।

## विज्ञान और प्रौद्योगिकी में पुस्तकालय के बदलते परिदृश्य पर संगोष्ठी

आई.आई.टी., गांधीनगर में ''विज्ञान और प्रौद्योगिकी में पुस्तकालय के बदलते परिदृश्य'' विषय पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में संस्थान की ओर से ग्रंथपाल श्री संजय त्रिपाठी एवं श्रीमती शोभा लेखवानी ने प्रतिभागिता की।



## गणित को रोचक और समझने योग्य बनाने पर कार्यक्रम

संस्थान के अनुप्रयुक्त विज्ञान विभाग द्वारा 28 जनवरी से 01 फरवरी 2019 तक ''गणित विषय को रोचक और समझने योग्य'' बनाने विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को गणित एवं विज्ञान को रोचक तरीके से पढ़ाने की विभिन्न विधियों को विस्तार पूर्वक समझाया गया। कार्यक्रम में गणित एवं उसके दैनिक जीवन में अनुप्रयोगों आदि की भी जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में पॉलिटेक्निक/इंजीनियरिंग महाविद्यालय के 10 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. दीपक सिंह थे। संकाय सदस्य के रूप में डॉ. पी.के. पुरोहित ने योगदान दिया।

## व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उद्योगों के माध्यम से



भारत सरकार का स्पष्ट मत है कि गुणवत्तापूर्ण व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण उद्योगों के माध्यम से ही दिया जाना चाहिये ताकि उद्योगों में कार्य के लिये विद्यार्थी उनकी आवश्यकतानुसार तैयार हो सकें। श्री विश्वकर्मा स्किल विश्वविद्यालय ने सघन प्रयास कर विभिन्न उद्योगों से समझौता कर इसे सफल बनाया है। श्री विश्वकर्मा स्किल विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न उद्योगों में अपने विद्यार्थियों को शिक्षा एवं प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रो. आर.जी. चौकसे, व्यावसायिक शिक्षा एवं उद्यमिता विकास विभाग ने उद्योगों के सहयोग से दी जा रही गुणवत्तापूर्ण व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण जो उद्योगों के परिसर में ही चलाये जा रहे हैं का भ्रमण एवं अध्ययन किया।

## -: मानवंदना :-



मानवंदना आज ऊंचे तिरंगे की
करता है निटर परिवार।
देश प्रेम और गौरव से भरकर
कर्तव्य का करता इजहार।।
तिरंगा ऊंचा रहे हमारा
ध्येय उच्चतम रहे हमारा।
देश विदेश में काम करें हम
दृष्टिकोण रहे यही हमारा।।
मेरा निटर रहे महान

इसकी निराली है पहचान।
तकनीकी शिक्षा और तकनीक पर
प्रशिक्षण देता यह संस्थान।।
मान सम्मान बना रहे निटर का
योगेन्द्र सरन सर से मिली विरासत का
आइये करे निटर की मानवंदना
प्रतिष्ठित रहे ये ही कामना।।
लहराते तिरंगे से लें हम प्रेरणा
बिखरे सद्भाव,शांति और करूणा।

झुकें नही हम किसी तूफान में
टूटें नही हम छोटे स्वार्थ में।।
अभिनन्दन है महोदय आप का
साथ आपको है हम सभी का।
करते हैं प्रण कड़ी मेहनत का
प्रेम, सौख्य और सद्भावना का।।
मेरा निटर रहे महान ––
मेरा निटर रहे महान ––

**प्रो. अस्मिता खजांची**

## एनआईटीटीटीआर, भोपाल द्वारा जनवरी फरवरी मार्च 2019 में संपन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम

| No. | Title of the Programme | Duration | Venue |
|---|---|---|---|
| 1 | एकेडेमिक आडिट | 07–11 जनवरी 19 | आर सी पूणे |
| 2 | इंण्डक्शन प्रोग्राम फेस.– 2 | 14–25 जनवरी 19 | निटर, भोपाल |
| 3 | इंण्डक्शन प्रोग्राम फेस.– 2 | 14–25 जनवरी 19 | जी.पी. औरंगाबाद |
| 4 | क्लाईमेट चेंज सेनेरियो डेवलेपमेन्ट फॉर पॉलिसी एनालिसिस | 21 जनवरी–01 फरवरी 19 | निटर, भोपाल |
| 5 | एडवांस टेक्नोलॉजी इन इंफॉस्ट्रेक्चर डेवलेपमेन्ट | 21–25 जनवरी 19 | निटर, भोपाल |
| 6 | एम्बेडेड सिस्टम | 21–25 जनवरी 19 | निटर, भोपाल |
| 7 | एप्रोप्रियेट प्रोजेक्ट फॉर ईफेक्टिव प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग | 21–25 जनवरी 19 | आर सी गोवा |
| 8 | इंण्डक्शन प्रोग्राम फेस.– 1 | 28 जनवरी–08 फरवरी 19 | निटर, भोपाल |
| 9 | सिम्यूलेशन ऑफ फिजिक्स एक्सपेरीमेन्ट विथ साईलेब | 28 जनवरी–01 फरवरी 19 | निटर, भोपाल |
| 10 | नेशनल लेवल वर्कशॉप फॉर आईडेन्टीफिकेशन एण्ड फाइनलाईशन ऑफ | 28 जनवरी–08 फरवरी 19 | निटर, भोपाल |
| 11 | इंण्डक्शन प्रोग्राम फेस.– 2 | 28 जनवरी–08 फरवरी 19 | आरसी अहमदाबाद |
| 12 | अर्डिनो विथ स्काइलेब | 04–08 फरवरी 19 | निटर, भोपाल |
| 13 | मेकिंग मेथेमेटिक्स इंट्रेस्टिंग एण्ड अन्डरस्टेंडेबल | 04–15 फरवरी 19 | निटर, भोपाल |
| 14 | एनवायरोमेंटल पाल्युशन एण्ड प्रिवेन्शन (आईटेक) | 04–15 फरवरी 19 | निटर, भोपाल |
| 15 | इंण्डक्शन प्रोग्राम फेस.– 2 | 11–22 फरवरी 19 | निटर, भोपाल |
| 16 | इंण्डक्शन प्रोग्राम फेस.– 2 | 11–22 फरवरी 19 | जी.पी. नासिक |
| 17 | इंण्डक्शन प्रोग्राम फेस.– 1 | 11–22 फरवरी 19 | आरसी अहमदाबाद |
| 18 | डेवलेपमेन्ट ऑफ वेब बेस्ड ऐप्लीकेशन यूजिंग पीएचपी एण्ड एमवायएसक्यूएल (आईटेक) | 18 फरवरी–01 मार्च 19 | निटर, भोपाल |
| 19 | इंण्डक्शन प्रोग्राम फेस.– 2 | 18 फरवरी–01 मार्च 19 | जी.पी. कोल्हापुर |
| 20 | इंण्डक्शन प्रोग्राम फेस.– 2 | 18 फरवरी–01 मार्च 19 | आर.सी. पूणे |
| 21 | इंण्डक्शन प्रोग्राम फेस.– 1 | 25 फरवरी–08 मार्च 19 | निटर, भोपाल |
| 22 | इंण्डक्शन प्रोग्राम फेस.– 2 | 25 फरवरी–01 मार्च 19 एण्ड 05–09 मार्च 19 | आरसी अहमदाबाद |
| 23 | सिम्यूलेशन टूल्स फॉर साइंस एक्सपेरीमेन्ट | 04–08 मार्च 19 | निटर, भोपाल |
| 24 | अल्टरनेटिव बिल्डिंग मटेरियल एण्ड कंसट्रेक्शन टेक्नोलॉजी | 04–08 मार्च 19 | निटर, भोपाल |
| 25 | एडवांस ऑटोकेड फॉर सिविल इंजीनियरिंग | 04–08 मार्च 19 | निटर, भोपाल |
| 26 | इंण्डक्शन प्रोग्राम फेस.– 1 | 04–15 मार्च 19 | आरसी अहमदाबाद |
| 27 | कंडक्टिंग रिसर्च अंडर सीडीटीपी – पीडब्लूडी स्किम | 11–15 मार्च 19 | निटर, भोपाल |
| 28 | ट्रेनिंग कम वर्कशॉप ऑन कंटेन्ट डिटेलिंग ऑफ सेमेस्टर–5 कोर्स ऑफ ऑल प्रोग्राम ऑफ सीआरपी,सीएसवीटीयू, भिलाई | 11–15 मार्च 19 | बीआईटी दुर्ग |
| 29 | इंण्डक्शन प्रोग्राम फेस.– 2 | 11–22 मार्च 19 | निटर, भोपाल |
| 30 | डिजाईन ऑफ लो कास्ट लेब एक्सपेरीमेन्ट फॉर एप्लाईड साईंस | 25–29 मार्च 19 | निटर, भोपाल |
| 31 | स्क्रिप्टिंग यूजिंग पेथॉन | 25–29 मार्च 19 | निटर, भोपाल |
| 32 | कन्जूमर इलेक्ट्रानिक्स | 25–29 मार्च 19 | निटर, भोपाल |
| 33 | लेटेस्ट इक्यूपमेन्ट एण्ड अदर लेव रिसोर्सेस टू सर्पोट आउट कम वेस्ड एजूकेशन ऑटोमेशन इन मेन्यूफेक्चरिंग इंड्रस्ट्रीज | 25–29 मार्च 19 | निटर, भोपाल |
| 34 | एडवांस इन ऑटोमोबाईल इंजीनियरिंग | 25–29 मार्च 19 | निटर, भोपाल |
| 35 | इंटरप्रेन्योशिप डेवलेपमेन्ट एण्ड इंड्रस्ट्री– इंस्टीट्यूट पार्टनरशिप | 25–29 मार्च 19 | जी.पी. नासिक |

# एनआईटीटीटीआर भोपाल में आयोजित विभिन्न गतिविधियाँ



इण्डो जर्मन कार्यशाला में निटर की सहभागिता



गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रम



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम



विदाई समारोह



विस्तार केन्द्रों में आयोजित कार्यक्रम

संरक्षक : प्रो. सी. थंगराज, निदेशक, संपादक : प्रो. पी. के. पुरोहित, सह–संपादक : श्रीमती शोभा लेखवानी, सहयोग : श्रीमती अनिता लाला, टंकण : श्री सुधीर त्रिपाठी, छायांकन : श्री रितेन्द्र पवार

आन्तरिक वितरण हेतु राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, शामला हिल्स, भोपाल–462002 द्वारा प्रकाशित एवं भंडारी ऑफसेट प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित